Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to allocate funds for the pending projects underthe Pradhan Mantri Jan Vikas Programme in Amroha-Gadhmukteshwar Constituency, Uttar Pradesh.

कुंवर दानिश अली (**अमरोहा**) : सभापति महोदय, मैं यहां पर एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं । जैसा कि आप जानते हैं कि ‘प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम’, जिसे पहले एमएसडीपी के नाम से जाना जाता था, इस कार्यक्रम के तहत पूरे देश में जो फंड्स एलोकेशन था, अब वह नहीं है । मेरे लोक सभा क्षेत्र अमरोहा-गढ़मुक्तेश्वर में इस कार्यक्रम के तहत कई योजनाएं चल रही हैं, जहां पर स्कूल्स, टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट्स, पानी की टंकियां बननी हैं, लेकिन जब से यह सरकार आई है, तब से इस सरकार में इस कार्यक्रम के लिए कोई फंड नहीं है ।...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश सरकार में छूटी हुई योजनाओं के लिए एक भी पैसे का एलोकेशन नहीं हुआ है ।...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यह मांग है कि ‘प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम’ के तहत जितनी योजनाएं अमरोहा-गढ़मुक्तेश्वर लोक सभा क्षेत्र में लंबित हैं, उनके लिए पैसा आवंटित कराया जाए ।

14.00 hrs